## चुनाव प्रचार के दौरान प्रतिद्वंद्वी पार्टी के नेताओं ने एक-दूसरे का किया अभिवादन

**➡ ब्रह्मपुर लोकसभा और ब्रह्मपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए 13 मई को होगा चुनाव**

**ब्रह्मपुर, ( संवाद सूत्र ) :** ओडिशा के ब्रह्मपुर के एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज ग्राउंड में सुबह की सैर करने वाले लोग तब हैरान हुए जब उन्होंने राज्य में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं को एक-दूसरे से आमना सामना होने पर बड़े ही गर्मजोशी से एकदूसरे का अभिवादन करते देखा। दोनों दलों के नेता चुनाव प्रचार के लिए वहां पहुंचे थे। ब्रह्मपुर को ओडिशा के रेशम नगरी के तौर पर जाना जाता है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने अब सुबह-सुबह उद्यानों और खेल मैदानों से चुनाव प्रचार शुरू करने की रणनीति अपनाई है, जहां लोग सुबह की सैर और दैनिक व्यायाम के लिए इकट्ठा होते हैं। बीजद के ब्रह्मपुर विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार और पार्टी के गंजाम जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र च्यौपटनायक और भाजपा के ब्रह्मपुर लोकसभा सीट के उम्मीदवार प्रदीप पाणिग्राही को मेडिकल कॉलेज मैदान में प्रचार करते देख लोग आनंदित हुए। दोनों नेताओं के साथ उनके समर्थक भी थे। जब च्यौपटनायक और पाणिग्राही का आमना-सामना हुआ तो उम्र में छोटे होने के कारण पाणिग्राही ने उनका हाथ जोड़कर अभिवादन किया। हालांकि जब बीजद समर्थकों ने जय जगन्नाथ का नारा लगाया तो भाजपा समर्थकों ने जय श्रीराम का नारा लगाया। च्यौपटनायक और पाणिग्रही दोनों गंजाम जिले की राजनीति में कट्टर प्रतिद्वंदी हैं। हालांकि पाणिग्राही च्यौपटनायक का एक वरिष्ठ नेता होने के चलते सम्मान करते हैं क्योंकि उन्होंने उनके अधीन काम किया था। गोपालपुर से विधायक रहे पाणिग्राही को 2020 में बीजद से निष्कासित कर दिया गया था। ब्रह्मपुर लोकसभा और ब्रह्मपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए चुनाव 13 मई को होगा।

## शराब के नशे में महिला ने की अपने आठ साल के बच्चे की हत्या

**कालीमेला, ( संवाद सूत्र ) :** मलकानगिरी जिले के कालीमेला थाना क्षेत्र के तुम्बागुडा गांव में एक महिला ने कथित तौर पर अपने आठ वर्षीय बेटे की हत्या कर दी। आरोपी मां की पहचान वागी पदियामी के रूप में की गई है। आरोपी मां के खिलाफ बालक के पिता द्वारा कालीमेला पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने के बाद पुलिस उसे हिरासत में लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार वागी शराब के नशे में अपने बेटे को रोज पीटता था। शनिवार की रात करीब 11 बजे वैगी नशे की हालत में अपने बेटे की हत्या कर दी। जैसे ही स्थानीय लोगों को घटना के बारे में पता चला, गांव के वार्ड सदस्य सहित ग्रामीणों ने कालीमेला पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बीजेपी उम्मीदवार जयंत षड़ंगी ने जारी किया रिपोर्ट कार्ड



**पुरी, ( संवाद सूत्र ) :** बीजेपी उम्मीदवार जयंत षड़ंगी ने मौजूदा चुनाव से पहले पुरी विधानसभा के मतदाताओं के लिए अपना रिपोर्ट कार्ड जारी किया है। इस रिपोर्ट कार्ड के जारी होने के मौके पर उन्होंने एक बार फिर बीजेडी प्रत्याशी सुनील मोहंती पर निशाना साधा है। जयंत ने बीजेडी प्रत्याशी पर निशाना साधते हुए कहा कि जिनके पिता अच्छा नेता थे इसलिए उनके बच्चे भी नेता बनेंगे, इसका कोई मतलब नहीं है। उधर बीजेडी के राज्यसभा सांसद शुभाशीष खुंटिया ने जयंत पर निशाना साधा है। इसके विपरीत बीजेपी उम्मीदवार जयंत षड़ंगी ने कहा कि बीजद उम्मीदवार वार्ड सदस्य तक नहीं बने हैं। क्या वह जनता का नेतृत्व करेंगे ? जनता का नेतृत्व लेने के लिए घर छोड़कर लोगों की सेवा करनी होगी। घर में बैठकर लोगों की सेवा नहीं हो सकती है। पिता नेता थे तो सभी नेता बन जायेंगे, यह ठीक नहीं है। इसके लिए लोगों के सुख-दु:ख में शामिल होना होगा। बीजेडी उम्मीदवार कभी भी लोगों की सेवा नहीं की है। उनके पिता के निधन के बाद क्षमता के लिए राजनीति में आए हैं। वे कभी भी लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए अपने घर से बाहर नहीं निकले हैं। वह एक पक्के व्यवसायी हैं। वह व्यवसाय ही करें। हालांकि वे बीजेडी के वोट बैंक पर निर्भर है। लेकिन उनके पास उम्मीदवार के आधार पर कोई वोट नहीं हैं। जब कोरोना महामारी के दौरान हजारों लोगों की जीवन जा रहा था और लोग तकलीफ में थे तो उन्होंने लोगों को साधारण बिस्किट या चावल तक नहीं दिया। नेतृत्व ईश्वर का दिया हुआ उपहार है, जनता उसी को चुनेगी जो जनता के साथ होगा। उन्होंने कहा कि अगर चुनाव खत्म हो गया, तो पुरी में बीजेडी उम्मीदवार दोबारा नजर नहीं आएंगे। वह अपने अपार्टमेंट व्यवसाय में रहेंगे। पुरी से भाजपा विधायक प्रत्याशी जयंत षड़ंगी ने दावा किया कि आगामी चुनाव में भाजपा केंद्र में 400 से अधिक सीटें जीतकर सरकार बनायेगी और ओडिशा में डबल इंजन की सरकार बनेगी। हालांकि कई बार महेश्वर मोहंती के परिवार और शुभाशीष के बीच का विवाद पुरी की राजनीति में चर्चा का विषय बना। इस पर सफाई देते हुए शुभाशीष ने कहा कि पुरी बीजेडी में कोई विवाद नहीं है। हर कोई मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को छठी बार मुख्यमंत्री बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। शुभाशीष ने कहा कि भाजपा विधायक जयंत षड़ंगी द्वारा श्रीमंदिर परिक्रमा परियोजना को अपने रिपोर्ट कार्ड में लेने का प्रयास हास्यास्पद है। उन्होंने कहा कि अपने प्रचार के लिए श्रीमंदिर परिक्रमा मार्ग की सफलता का श्रेय लेना भाजपा उम्मीदवार के लिए शर्मनाक है। लोग पहले ही समझ चुके हैं। आगामी चुनावों में बीजेडी पुरी में बड़ी जीत हासिल करेगी। दूसरी ओर बीजेपी प्रत्याशियों द्वारा लगातार निशाना बनाये जाने के मामले में बीजेडी प्रत्याशी सुनील ने कोई भी प्रतिक्रिया देने से इन्कार कर दिया।

## पुरुषोत्तमपुर का 21 दिवसीय दंडजात्रा संपन्न



**पुरुषोत्तमपुर, ( संवाद सूत्र ) :** पुरुषोत्तमपुर शहर में चल रहे प्रसिद्ध 21 दिवसीय दंडजात्रा का समापन हो गया। इस दौरान हजारों भक्तों की भीड़ उमड़ी। इसके साथ ही शहर के शिकुला, जामुनी, आछुली, भाट कुमारडा, मोडाबाई, राउल पली सहित आसपास के पंचायतों में दंडजात्रा का समापन हो गया। शहर के विभिन्न हिस्सों में धूलीदंड, दोपहर में पाणीदंड नीति संपन्न होने के बाद भक्तों ने मां की शरण ली और अपने और दुनिया के कल्याण के लिए मां से प्रार्थना किया। इस दौरान भीषण गर्मी को देखते हुए स्वयंसेवकों ने शहर के हर चौक चौराहे पर लोगों के लिए पणा के साथ स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की गई। इस दौरान मेरु पूजा कमेटी के सदस्यों ने अपने कर्तव्यों को सुचारू रूप से निभाया। कार्यक्रम के अंत में भक्तों ने प्रसाद लेकर अपने-अपने गांव लौट गये। वहीं रविवार को महावीर जयंती होने के कारण शहर के बीचों बीच स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा, होमयज्ञ एवं पूजा किया गया। इसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद वितरित किया गया।

## थाने से ऑटो चोरी मामले में दो गिरफ्तार

**भुवनेश्वर, ( निप्र ) :** भरतपुर थाना पुलिस ने भरतपुर ओल्ड थाने से ऑटो चोरी के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान शक्ति महापात्र और दाम राव के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत छह मार्च को भरतपुर थाना एसआई एसके बेहुरा ने एक मामले में ऑटो को जब्त कर ओल्ड थाने के सामने रखा था। गत 10 तारीख को संतोष ने ड्यूटी के दौरान ऑटो को वहां पर नहीं देखा। इसके बाद उन्होंने भरतपुर थाने में एक शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने एक मामला दर्ज किया और घटना की जांच की। जांच के दौरान दोने लोगों को गिरफ्तार किया।

## मां मंगला मंदिर का वार्षिकोत्सव संपन्न

**बड़बिल, ( संवाद सूत्र ) :** बोलानी टाउनशिप के सिविल कार्यालय के निकट स्थित मां मंगला मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा दिवस व वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।

गौरतलब है कि मां मंगला मंदिर का वार्षिकोत्सव ओड़िया नववर्ष के प्रथम दिन मनाया जाता है।

वार्षिकोत्सव के एक दिन पूर्व शनिवार को संध्या के समय दर्जनों महिलाओं द्वारा कारो नदी से कलश में जल भरकर नगर परिक्रमा करते हुए मंदिर के प्रागंण में लाया गया था। रविवार को प्रात:काल से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में लगी रही। मंदिर के वार्षिक पूजन में पुजारी रामा पंडित एवं यजमान के रूप में मनोज सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी उपस्थित थे।

मंदिर का वार्षिक पूजा मंत्रोच्चारण एवं विधिपूर्वक यज्ञ हवन कर संपन्न किया गया। पूजा के बाद भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया।


**MCL** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
जागृति विहार, बुर्ला- 768020, जिला-सम्बलपुर (ओड़िशा)
दूरभाष (ईपीएबीएक्स): 0663-2542461 से 469 वेबसाइट: www.mahanadicoal.in

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in**/सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (**एमसीएल, www.mahanadicoal.in**), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

**R-5204**


## मेंढाशाल में मनी अघोरतप झामू जात्रा



**भुवनेश्वर, ( निप्र ) :** भुवनेश्वर के उपनगर मेंढाशाल गांव में जोश व उमंग के साथ अघोरतप झामूजात्रा मनाई गई। माना जाता है कि अघोरतप या उग्रताप दृढ़ संकल्प का प्रतीक है, जिसे लगभग 500 वर्षों या उससे अधिक समय से मेंढाशाल में मनाया जाता है। भक्त किसी मनोकामना की पूर्ति के लिए मानसिक रूप से यह अघोरतप करते हैं। मंशा पूरी होने पर वे अघोरतप व्रत करते हैं और इस झामूजात्रा में शामिल होते हैं। परंपरा के अनुसार रविवार को अघोरतप यात्रा गांव के श्रीश्रीबालुंकेश्वर देव के मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। विभिन्न प्रकार के वाद्य यंत्रों की आवाज से मंदिर परिसर व पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। झामूजात्रा में शामिल हुए पाटुआ दंडकालिशि 7 दिन पहले से इस नीति की शुरुआत करते हैं। इस वर्ष 100 से अधिक पाटुआ ने इसमें भाग लिया। भक्त मेरूदीन गांव की ग्रामदेवी के पास गुहारिया पड़ी और वहां से गांव के इस्टदेव श्री भगवतवासुदेव के प्रांगण में गर्म रेत में मेरुदंड या धुलीदंड में चलने के बाद बालुकेंश्वर मंदिर की ओर बढ़ते हैं। यहां तक कि गांव के छोटे-छोटे बच्चे और आम लोग भी इस मेरूदंड पर चलते हैं। वहां सभी पाटुआ और दंडकालिशी एकत्र हुए और पास के कमल तालाब में स्नान किया। नहाने के बाद पाटुआ ने गांव में घूम कर पणा पीया। अंत में पार्वती मंदिर में नीति समापन के बाद मानोकामना पूरी होने के बाद चारों पाटुआ ने तालाब में स्नान कर पीले कपड़े पहने और चेहरे को कपड़े से ढंक अघोरतप यज्ञ कुंड पर गए। वहां उन्हें दोनों पैर ऊपर कर जल रहे यज्ञ कुंड पर झुलाया गया। नियमानुसार एक पाटुआ को तीन बार झूना मारा गया। इस बार प्रमोद कुमार पाइकराय, मिटू मानसिंह, सर्वेश्वर बेहरा और गणेश बेहरा ने अघोरतप में भाग लिया। इस अनोखी परंपरा को देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। भुवनेश्वर और कटक सहित स्थानीय क्षेत्रों और यहां तक कि दूर-दूर से भी दर्शक आए थे। इसी तरह, भुवनेश्वर के उपनगरों के कुछ अन्य हिस्सों में भी झामूजात्रा भव्य तरीके से मनाई गई।

## हिन्दू जागरण मंच ने हनुमान जयंती पर निकाली बाइक रैली

**कटक, ( संवाद सूत्र ) :** हिन्दू जागरण मंच की ओर से रविवार को पवित्र पणा संक्रांति, ओड़िया नववर्ष एवं हनुमान जयंती के अवसर पर एक विशाल बाइक रैली कटक शहर में निकाली गई। यह बाइक रैली स्थानीय बालियात्रा मैदान से आरंभ हुई और शहर के विभिन्न स्थानों से होकर गुजरी। बाइक रैली में लगभग 200 से अधिक युवाओं ने शामिल होकर शहर के विभिन्न मंदिर एवं मठों का दौरा किया। राज्य संयोजक रघुनाथ बारिक के नेतृत्व में यह बाइक रैली निकाली गई। गुरु प्रसाद साहू, रघुनाथ बारिक ने रैली का संचालन किया। हिन्दू जागरण मंच की ओर से सभी को पवित्र पणा संक्रांति एवं नए साल की शुभकामना दी गई और सुख-शांति की कामना की गई।


**रोज़ वैली की संपत्तियों आदि की बिक्री संबंधी समिति**
[अध्यक्ष माननीय न्यायमूर्ति दिलीप कुमार सेठ (सेवानिवृत)]
कमरा नं. 401 एवं 402, चौथी मंज़िल, 5, मैंगो लेन, कोलकाता-700 001
वेबसाइट - https://www.rosevalleyadc.com

**रोज़ वैली समूह की कंपनियों से संबंधित अचल संपतियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना**

रोज़ वैली की संपत्तियों आदि की बिक्री करने हेतु माननीय कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा गठित की गई समिति **20.05.2024** को रोज़ वैली की कुछ संपत्तियों की नीलामी (ई-नीलामी) आयोजित करेगा। इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि विवरण के लिए समिति के वेबसाइट https://www.rosevalleyadc.com या सेबी के वेबसाइट www.sebi.gov.in पर इन शीर्षकों- प्रवर्तन (इन्फोर्समेंट)»वसूली कार्यवाहियों के तहत नीलामी की सूचना (नोटिस) [Enforcement » Auction Notice under Recovery Proceedings] पर जाएं।

**स्थान: कोलकाता** — **भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड**
**तारीख: 15.04.2024** — (रोज़ वैली की संपत्तियों आदि की बिक्री संबंधी समिति की ओर से)



यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India

**क्षेत्रीय कार्यालय : रायगडा**
प्रथम तल, श्री विनायक हाउस्
एम.आई डिवीजन के पास, न्यू कॉलोनी,
रायगडा - 765001

**क्षेत्रीय कार्यालय, रायगडा के अंतर्गत स्थित बैंक के भवनो/कार्यालयों/शाखाओं / एटिएम की विद्युत सुरक्षा और ऊर्जा लेखा परीक्षा**

**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, रायगडा (ओडिशा)** के अंतर्गत बलांगीर, रायगडा, गजपति, कोरापुट, मालकानगिरी, नबरंगपुर और कलाहांडी आदि जिलों में बैंक भवनों/कार्यालयों/ शाखाओं/एटिएम की विद्युत सुरक्षा और ऊर्जा लेखा परीक्षा करने हेतु विद्युत सुरक्षा और ऊर्जा लेखा परीक्षकों से दर उद्धरण आमंत्रित करता है।
विद्युत सुरक्षा और ऊर्जा लेखा परीक्षकों को विगत **5** बर्षों का किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/बैंकों में विद्युत लेखा परीक्षा का कार्य अनुभव होना चाहिए, उन्हें **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, रायगडा, प्रथम तल, श्री विनायक हाउस, एमआई डिवीजन के पास, न्यू कॉलोनी, रायगडा-765001** को संलग्न प्रारूप के अनुसार अपनी बोलियां **06.04.2024** से **04.05.2024** तक कार्य समय के दौरान जमा कर सकते हैं।
**आवेदन शुल्क नहीं है।** अधिक जानकारी के लिए कृपया बैंक की अधिकारिक वेबसाइट: **www.unionbankofindia.co.in** या सरकारी पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर जाएं।
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय रायगडा में बोलियाँ जमा करने की अंतिम तिथि **04.05.2024 अपराह्न 03.00** बजे तक है। बोलियां **04.05.2024** को **अपराह्न 03.30** बजे खोली जाएंगी। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया बिना कोई कारण बताए प्राप्त किसी भी या सभी आवेदनों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**क्षेत्रीय प्रमुख**


## युवा कल्याण संघ ने डा. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती मनायी



**रंभा, ( संवाद सूत्र ) :** स्थानीय घुमसूरिया साही के युवा कल्याण संघ की ओर से डा. भीमराव आंबेडकर की 133 वीं जयंती मनायी गई। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्यों ने बाबा भीमराव आंबेडकर के फोटो पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया।

इसके साथ ही भारत के संविधान निर्माता डा. भीमराव आंबेडकर की जीवनी को याद करते हुए उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया गया। इस दौरान युवा कल्याण संघ के कार्यकर्ताओं ने रंभा पीडब्ल्यूडी पार्श्व से लेकर पंथनिवास तक डा. आंबेडकर का फोटो लेकर जुलूस निकालकर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान समाजसेवी भीमसेन बेहरा, अधिवक्ता सुमा दास, बापी जेना, अधिवक्ता राजेंद्र बेहरा, महादेव मल्लिक, अधिवक्ता संतोष नायक ने अपना सहयोग दिया। इस कार्यक्रम में अन्यों में संतोष जेना, टूना नायक, प्रशांत नायक, रंजीत नायक, दंडपाणी नायक, टुकुना, महेंद्र, आकाश, मुरली, मनोज, प्रमोद, चंद्रशेखर, विकास, सुशांत, श्रीनाथ, राहुल, विनोद, भगवान, दया, मंटू, कालिया, कान्हू, मिथून, आलोक सहित अन्य गणमान्य लोगों ने अपना सहयोग देकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के अंत में स्थानीय बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

### जबरन वसूली को लेकर गोलीबारी का मामला

## मुख्य आरोपी व उसका सहयोगी धराया

**आठगढ़, ( संवाद सूत्र ) :** 10 अप्रैल को हुई गोलीबारी की घटना के सिलसिले में पुलिस ने रविवार को कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया। कटक जिले के आठगढ़ पुलिस सीमा के अंतर्गत महिधरपुर गांव में कथित तौर पर रंगदारी की मांग करते हुए बदमाशों ने एक व्यक्ति पर गोली चला दी थी। हमले के मुख्य आरोपी की पहचान दिलीप पलेई उर्फ दिलू और उसके सहयोगी की पहचान सत्यब्रत नायक उर्फ रामू के रूप में हुई थी। आठगढ़ के एसडीपीओ रवीन्द्र कुमार मलिक ने यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दोनों को चौद्वार शहर के पास से गिरफ्तार किया गया और पुलिस ने उनके कब्जे से अपराध में इस्तेमाल की गई एक पिस्तौल जब्त कर ली है। गौरतलब है कि पीड़ित शख्स एक ट्रैक्टर ड्राइवर है और उसकी पहचान विश्वजीत पलेई के रूप में हुई है। विश्वजीत महिधरपुर में मिट्टी डालने का काम करता था। दिलीप पलेई उर्फ दिलू समेत पांच बदमाश पीड़ित के पास आए और रंगदारी की मांग की। वह कार्य स्थल पर जा रहा था जब उसे अपराध स्थल पर रोक लिया गया। जब उसने मांगी गई रकम देने में असमर्थता जताई तो बदमाशों ने उस पर गोलियां चला दीं और अपराध को अंजाम देने के तुरंत बाद मौके से भाग गए। बिश्वजीत को कुछ स्थानीय लोगों ने बचाया और तुरंत इलाज के लिए आठगढ़ के एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल युवक के पेट में गोली लगी है। बाद में उनकी हालत बिगड़ने के बाद उन्हें कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (एससीबीएमसीएच) में स्थानांतरित कर दिया गया।

## हनुमान जयंती एवं ओड़िया नववर्ष पर शिव मंदिरों में उमड़ी भीड़

**नियाली,( संवाद सूत्र ) :** हिन्दुओं के महान पर्व पणा संक्रांति तथा हनुमान जयंती पर नियाली एवं इसके आसपास के विभिन्न मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। पणा संक्रांति तथा हनुमान जयंती को लेकर रविवार सुबह से ही प्राचीन शिव पीठ शोभनेश्वर, अंधकपिलेश्वर, गोकर्णेश्वर, बेलेश्वर, आखंडलेश्वर, अमरेश्वर, पूर्णेश्वर, बुद्धकेश्वर, मधुकेश्वर, सोमनाथ बुद्धनाथ, नीलकंठेश्वर जैस शिव मंदिरों में लोगों की भीड़ देखी गई। इसके अलावा हनुमान मंदिरों में भी लोगों की भारी भीड़ देखी गई। रविवार को हनुमान जयंती पर विभिन्न मंदिरों में होम यज्ञ समेत आरती, पूजा पाठ का आयोजन किया गया। हनुमान जयंती पर विशेषकर स्थानीय साहाडा कुंज के श्रीराम मंदिर, कुदपाटणा हनुमान मंदिर, नियाली के श्रीराम मंदिर परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। भीड़ को देखते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन ने सभी मंदिर परिसर में पुलिस बल तैनात किया था, ताकि पूजा पाठ में व्यवधान पैदा न हो ?

## कांग्रेस के जिला लोकसभा पर्यवेक्षक ने जाजपुर का किया दौरा

**जाजपुर :** प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से नियुक्त जाजपुर जिला के लोकसभा पर्यवेक्षक अमिता आचार्य ने दूसरे चरण में जाजपुर जिले का दौरा किया। उन्होंने अपने दौरे के दौरान बरी, सुकिंदा, धर्मशाला, व्यासनगर के कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ताओं से मिलकर कांग्रेस पार्टी को जीताने और कांग्रेस की गारंटी कार्ड पर चर्चा की। इसके साथ ही कांग्रेस के गारंटी कार्ड को लोगों तक पहुंचाने के लिए अनुरोध किया। इस मौके पर किसान पंडा, आरती देव, गणेश्वर दास, दुर्योधन बेहरा, भास्कर मोहंती, भरत बेहरा, संग्राम जेना, आलोक बेहरा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## बंअरपाल सेवाश्रम में डा. आंबेडकर की 133 वी जयंती मनी

**अनगुल, ( संवाद सूत्र ) :** भारतीय संविधान के निर्माता डा. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जिलास्तरीय जयंती बंअरपाल सेवाश्रम में मनायी गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार मिश्र उपस्थित थे। उन्होंने आंबेडकर के फोटो पर माल्यार्पण कर छात्रों को उनके महान आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि ने अनुसूचित जाति के विकास के लिए आंबेडकर के संघर्ष पर चर्चा की। इस कार्यक्रम में अन्य अतिथि के रूप में जिला संस्कृति अधिकारी दुशासन नायक उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि डा. आंबेडकर के जीवन का मुख्य उद्देश्य दलित, शोषित और समाज के वंचित व कमजोर वर्ग के लोगों को शिक्षा के माध्यम से जागरूक कर उच्च वर्ग के समाज के साथ जीने के लिए समान अधिकार प्रदान करना था। इस मौके पर सेवाश्रम की प्रधानाचार्य पूर्णिमा पात्र, सेवाश्रम के सभी शिक्षकों, सहकारी कर्मचारी समेत जिला सूचना और लोकसंपर्क कार्यालय के कर्मचारी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि राजनैतिक दल 'ओडिशा एगेंस्ट करप्शन' के नाम से पंजीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय प्लाट नंबर-1406/1715 लेन- 4, साई विहार, पोस्ट ऑफिस-जी.जी.पी., भुवनेश्वर 751025 में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29 अ के अधीन राजनीतिक दल के रूप में पंजीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है। पार्टी के पदाधिकारियों के नाम / पता नीचे दिये गये हैं :-

**1.सभापति :** डा रजनीकांत जेना
**2.महासचिव :** श्रीमती अपर्णा सामल
**3.कोषाध्यक्ष :** कुमारी देवीदत्ता स्वाईं

यदि किसी को 'ओडिशा एगेंस्ट करप्शन' के पंजीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनैतिक दल) भारत चुनाव आयोग, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001 को इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर भेजें।



यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India

**क्षेत्रीय कार्यालय : रायगडा**
प्रथम तल, श्री विनायक हाउस्
एम.आई डिवीजन के पास, न्यू कॉलोनी,
रायगडा - 765001

**पूर्व योग्यता/अर्हता सूचना**

**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** एक अग्रणी राष्ट्रीयकृत बैंक है, जो अपने शाखाएं /कार्यालयों /एटिएम के भवन की सिविल मरम्मत, आंतरिक सजावट, विद्युत, डेटा केबलिंग और एयर कंडीशनिंग कार्यों सहित मरम्मत और पुनर्वास कार्यों के लिए **3** साल की अवधि अवधि हेतु यूनियन बैंक आफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय, रायगडा ठेकेदारों को सूचीबद्ध करता है।
वर्तमान में क्षेत्रीय कार्यालय रायगडा का भौगोलिक विस्तार **7** जिलों अर्थात् बलांगीर, कलाहांडी, रायगडा, गजपति, मालकानगिरी, नबरंगपुर और कोरापुट को कवर करता है। पूर्ण विवरण और आरएफपी फॉर्म यूनियन बैंक आफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय, रायगडा के प्रथम तल, श्री विनायक हाउस, एमआई डिवीजन के पास, न्यू कॉलोनी, रायगडा-**765001** के सभी कार्य दिवसों पर रु **500/-** डिमांड ड्राफ्ट के भुगतान पर प्राप्त किए जा सकते हैं। आरएफपी को बैंक की वेबसाइट: **www.unionbankofindia.co.in** या सरकारी पोर्टल **https://eprocure.gov.in** से भी डाउनलोड किया जा सकता है। हालाँकि, वेबसाइट से डाउनलोड किए गए आरएफपी दस्तावेज के लिए, **500/-** रूपये का डिमांड ड्राफ्ट (गैर-वापसीयोग्य) यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के पक्ष में रायगडा में भुगतान दस्तावेजों के साथ जमा किया जाना चाहिए।

**महत्वपूर्ण तिथियाँ :**
आरएफपी जारी होने की तिथी : **09.04.2024**
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि: **04.05.2024** अपराह्न **3.00** बजे तक
तकनीकी बोलियाँ खोलना: **04.05.2024** अपराह्न **3.30** बजे
आरएफपी दस्तावेजों के लिए शुल्क (गैर-वापसीयोग्य) : रू **500/-**
नियंत्रण से बाहर की घटनाओं के कारण किसी अप्रत्याशित रूकावट की स्थिति में उपार्जन समिति की बधित प्रक्रिया आगामी कार्य दिवस पर निर्धारित समय पर जारी रहेगी। बैंक बिना कोई कारण बताए किसी भी स्तर पर किसी भी या सभी आवेदनों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**क्षेत्रीय प्रमुख**